खबर संक्षेप

7.40 किलो गांजे के साथ धरा गया युवक

कटनी। बरही थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक युवक के पास से बड़ी मात्रा में गांजा जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेते हुए एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र के अंतर्गत कनौर रोड स्थित साईं मंदिर के पास अवैध रूप से मादक पदार्थ ले जाए जाने की पुख्ता सूचना मिली थी। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर घेराबंदी कर दबिश दी। तलाशी के दौरान मौके पर मौजूद अमरोहा पारधी पिता रोहान पारधी 23 वर्ष निवासी छिदिया टोला के कब्जे से 7.40 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। कार्रवाई में उपनिरीक्षक नरेश झारिया व अन्य स्टाफ की मुख्य भूमिका रही। पुलिस अब यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि आरोपी यह भारी मात्रा में गांजा कहां से लेकर आया था और इसे कहां खपाने की योजना थी। इस अवैध कारोबार में संलिप्त अन्य संदिग्धों के बारे में भी बारीकी से पूछताछ की जा रही है।

नहाने के दौरान तालाब में डूबने से युवक की मौत

कटनी। बरही थाना अंतर्गत ग्राम सलैया सिहोरा में तालाब में नहाने के दौरान गहरे पानी में चले जाने से एक युवक डूबने से मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सलैया सिहोरा निवासी 18 वर्षीय सुमित कुमार पाटकर पिता संतोष पाटकर किसी कार्य से या नहाने के उद्देश्य से गांव के पास स्थित तालाब की ओर गया था। इसी दौरान वह अचानक गहरे पानी की चपेट में आ गया, जिससे वह तालाब में डूब गया। जब तक आसपास के लोग या परिजन उसे बचा पाते, तब तक बहुत देर हो चुकी थी और पानी में डूबने से उसकी सांसें थम चुकी थीं। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों की मदद से शव को पानी से बाहर निकाला गया। इसके बाद मामले की सूचना बरही पुलिस को दी गई। सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मर्ग कायम कर लिया है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि घटना के वक्त परिस्थितियां क्या थीं और किन कारणों से युवक गहरे पानी में डूबा।

मारपीट की हुई घटनाएं

कटनी। कुठला थाना अंतर्गत घंघरी कला निवासी सौरभ रैदास 20 वर्ष के साथ आलोनी नदी के घाट पर संजय आदिवासी ने गालियां देकर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने शिकायत पर अपराध दर्ज किया है। इसी तरह बरही थाना के खन्ना निवासी पन्नालाल पटेल 38 वर्ष के साथ सिर्रीलाल यादव, रामदास यादव और चंदा यादव ने एक राय होकर गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। वहीं रीठी थाना के ग्राम सिमराड़ी निवासी सुखदेव लोधी 22 वर्ष जब गांव में बालकिशन आदिवासी के घर के सामने खड़े थे, तभी आरोपित रूप सिंह लोधी ने गाली-गुप्तार की और लाठी से हमला कर मारपीट की। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर अपराध दर्ज किया है।

चार वृंदावन गांवों के पशु पालक होंगे पुरस्कृत

कटनी। देशी गौवंश के संरक्षण, उन्नत नस्लों के संवर्धन और दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा गोपाल कृष्ण ग्राम पुरस्कार योजना वर्ष 2026-27 संचालित की जा रही है। योजना के तहत उत्कृष्ट दुग्ध उत्पादन करने वाले पशुपालकों को पुरस्कृत किया जाएगा। पशुपालक 28 अक्टूबर तक आवेदन कर सकते हैं। जिले के चार वृंदावन गांवों जरवाही, बरन महगवां, बहोरीबंद एवं दशरमन में योजना का क्रियान्वयन किया जाएगा। इन गांवों के पात्र पशुपालकों से योजना में भाग लेने की अपील की गई है। योजना के अंतर्गत साहीवाल, गिर, थारपारकर, हरियाणा, मालवी और निमाड़ी नस्लों की गायों के दुग्ध उत्पादन के आधार पर प्रतिस्पर्धा होगी।

पेयजल की समस्या के साथ ही आगजनी की घटनाओं में मिलेगी राहत

अग्नि दुर्घटनाओं से निबटने बहोरीबंद की 33 ग्राम पंचायतों को मिले फायर फाइटर टैंकर

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



ग्रीष्मकालीन समय आगजनी की घटनाओं पर काबू पाने ओर पेयजल संकट से निपटने जलापूर्ति समस्याओ के निदान के लिए आधुनिक तकनीक से लैस फायर फाइटर टेंकर बेहतर उपयोगी होगा। फायर फाइटर टेंकर की उपलब्धता बहोरीबंद विधानसभा मे हो इसके लिए विधायक प्रणय पांडेय के द्वारा खास पहल की गईं है। सोमवार को बहोरीबंद विधानसभा की 33 ग्राम पंचायतों को विधायक प्रणय पांडेय ने फायर फाइटर टेंकर प्रदान किये।

विधायक के द्वारा ग्राम पंचायत कौड़िया, बंधी धूरी, भेड़ा, तेवरी, बुधनवारा, पड़वार, भखरवारा, नीमखेडा, खम्हरिया, इमालिया, सिहुडी बाकल, बाकल, पटीकला, नयाखेड़ा, उमरिया, बरेहटा, बरजी, भरतपुर, देवगांव, खम्हरिया नंबर 1,खिरवा, देवरीकला, बिरुहली, सुपेली, पथराड़ी पिपरिया, कूड़ा घनिया, ककरेहटा, सिदुरसी, तिलगवाँ, थनौरा, खरखरी व करहिया को विधायक निधि से पानी के टैंकर (फायर फाइटर) प्रदान किए हैं। यह महत्वपूर्ण कदम क्षेत्र में जलापूर्ति की समस्याओं को कम करने तथा अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से उठाया गया ।

विधायक प्रणय पांडेय ने कहा कि इन टैंकरों की मदद से ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति को सुनिश्चित करने के साथ-साथ आपातकालीन स्थिति में जल आपूर्ति का कार्य तेजी से किया जा सकेगा। खासकर गर्मियों के मौसम में जल संकट की स्थिति को देखते हुए यह टैंकर ग्रामीण जनता के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होंगे। साथ ही, आग लगने की स्थिति में फायर फाइटर टैंकर के रूप में यह वाहनों का इस्तेमाल किया जा सकेगा, जिससे किसी भी दुर्घटना या आपदा में समय पर कार्रवाई संभव होगी। एक टेंकर की क़ीमत 2 लाख 50 हजार रूपये है।

इस अवसर पर मंडल के जनप्रतिनिधि, पंचायत सरपंच एवं क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने विधायक की इस पहल की प्रशंसा की और कहा कि यह कदम क्षेत्र की विकास प्रक्रिया को गति देगा तथा ग्रामीण जनता को बेहतर सेवा मुहैया कराएगा।

फायर फाइटर टेंकर मे जल संकट से निजात दिलाने के साथ-साथ आग जैसी आपात स्थितियों में बचाव के संसाधन भी उपलब्ध है।फायर फाइटर टेंकर मे पानी की उपलब्धता के लिए मशीन संयंत्र लगा हुआ है, जो किसी भी तालाब, जलाशय ओर नदी से पानी खींचकर टेंकर मे भरा जा सकता है। साथ ही आगजनी की घटना पर तुरंत उक्त स्थल पहुंचकर आग पर काबू पाने का काम करेगा। यह पहल स्थानीय प्रशासन और जनता के बीच सहयोग और समन्वय को बढ़ावा देने वाली साबित होगी।

ग्रामीण क्षेत्रों में जल संसाधनों के प्रबंधन और अग्नि सुरक्षा के महत्व को देखते हुए इस तरह की सुविधाएं बेहद आवश्यक हैं। टैंकरों के माध्यम से जल वितरण तंत्र मजबूत होगा, जिससे कृषि, घरेलू और आपातकालीन आवश्यकताओं को पूरा करना आसान होगा।



महारैली की तैयारियां तेज शामिल होने किया आव्हान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कांग्रेस ने 'वोट बचाओ, देश बचाओ' अभियान के तहत 1 नवंबर को दिल्ली में आयोजित होने वाली महारैली की तैयारियां तेज कर दी हैं। जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस नेताओं ने मताधिकार की रक्षा और निष्पक्ष चुनाव की आवश्यकता पर जोर देते हुए कार्यकर्ताओं से महारैली में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सांसद कल्याण काले और मंडला जिले की बिछिया विधानसभा के विधायक नारायण पट्टा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष एडवोकेट अमित शुक्ला एवं ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ सिंह की मौजूदगी में अभियान की रूपरेखा और दिल्ली महारैली की तैयारियों पर चर्चा की गई।

अतिथियों ने कहा कि निष्पक्ष मतदान लोकतंत्र की बुनियाद है। प्रत्येक मतदाता के मताधिकार की रक्षा और निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करना आवश्यक है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से 1 नवंबर को दिल्ली पहुंचकर आवाज बुलंद करने की अपील की।

शहर कांग्रेस अध्यक्ष एडवोकेट अमित शुक्ला ने कहा कि 'वोट बचाओ, देश बचाओ' अभियान लोकतंत्र और नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा का संकल्प है। प्रत्येक नागरिक के वोट का सम्मान तथा चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने के लिए जरूरी है।

मासांत तक जिले की 9 तहसीलों के गांवों में लगेंगे विशेष शिविर

जिले के करीब 14 हजार लोगों को आबादी भूमि की निःशुल्क रजिस्ट्री से मिला मालिकाना हक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

स्वामित्व योजना के अंतर्गत ग्रामीण आबादी भूमि के अधिकार अभिलेखों के निःशुल्क निष्पादन एवं पंजीयन की कार्रवाई जिले में 31 अक्टूबर 2026 तक विशेष अभियान चलाकर पूरी की जा रही है। इस अभियान के तहत अब तक करीब 14 हजार व्यक्तियों को आबादी भूमि की निःशुल्क रजिस्ट्री का लाभ दिया जा चुका है। स्वामित्व योजना के अंतर्गत ग्रामीण आबादी क्षेत्रों में निवासरत इन लोगों के निजी स्वामित्व संबंधी अधिकार अभिलेख तैयार किए गए हैं और अधिकार अभिलेखों का निःशुल्क निष्पादन एवं पंजीयन किया गया है।

कलेक्टर आशीष तिवारी ने सभी एसडीएम को पात्र हितग्राहियों के स्वामित्व अधिकार अभिलेखों के निष्पादन एवं पंजीयन की प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए 31 अक्टूबर तक विशेष अभियान चला कर कार्रवाई सुनिश्चित करने की हिदायत दी गई है।

स्वामित्व योजना के अंतर्गत अब तक कटनी तहसील में 1398, कटनी शहरी में 1104, ढीमखेड़ा में 1935, बड़वारा में 1605, बरही में 1067, बहोरीबंद में 1835, रीठी में 1331, विजयराघवगढ़ में 2139 तथा स्लीमनाबाद में 1347 रजिस्ट्रियां की जा चुकी हैं। इस प्रकार जिले की सभी तहसीलों में अभियान के तहत 13 हजार 761 पात्र आबादी भूखंड धारकों को उनके स्वामित्व अधिकार का दस्तावेज प्रदान किया जा चुका ह।

ग्रामीणों को स्वामित्व संबंधी दस्तावेज होंगे प्राप्त

स्वामित्व योजना के तहत आबादी भूमि की निःशुल्क रजिस्ट्री होने से ग्रामीणों को अपनी संपत्ति के स्वामित्व संबंधी दस्तावेज प्राप्त होंगे। इससे संपत्ति पर उनके अधिकारों का अभिलेखीकरण सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। स्वामित्व योजना अंतर्गत तैयार किये गए अधिकार अभिलेख के द्वारा भूमिस्वामी को बैंक से ऋण प्राप्त करने एवं शासन की अन्य योजनाओं का लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया को अधिक सुगम एवं सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा 2 जून, 2026 को स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन रजिस्ट्री 2026 के क्रियान्वयन का निर्णय लिया गया है।

हितग्राहियों को उक्त संपत्ति दस्तावेजो के आधार पर बैंकिंग संस्थाओं से ऋण प्राप्त करने एवं शासन की अन्य योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में सुविधा होगी। योजना के अंतर्गत कटनी जिले के ग्रामो के सभी पात्र भू-अधिकार पत्रधारको के पंजीयन रजिस्ट्री की कार्रवाई की जा रही है। जिसके लिए पंचायत उपकर, अतिरिक्त स्टाम्प ड्यूटी में छूट का प्रावधान किया गया है शासन द्वारा आवेदक से किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा। सम्पूर्ण प्रक्रिया शासन द्वारा निःशुल्क कराई जा रही है।

श्री गहोई वैश्य महिला मनन संस्था ने लक्ष्मी नारायण मंदिर में आयोजित की भजन संध्या



श्री गहोई वैश्य महिला मनन संस्था के तत्वावधान में लक्ष्मी नारायण मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन संध्या का आयोजन श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ किया। भगवान श्री लक्ष्मी नारायण की आराधना में 'सर्वशक्ति श्री लक्ष्मी नारायण संकीर्तन मंडल' के सदस्यों ने एक से बढ़कर एक सुमधुर भजनों की प्रस्तुतियां देकर उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। भजनों की मधुर स्वर लहरियों से पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय हो उठा। उपस्थित श्रद्धालुओं ने भजनों का आनंद लेते हुए पूरी तन्मयता के साथ भक्ति भाव से इसमें सहभागिता की। पूरे कार्यक्रम के दौरान वातावरण में आध्यात्मिक उल्लास और गहरी श्रद्धा का माहौल बना रहा। कार्यक्रम के अंत में श्री गहोई वैश्य महिला मनन संस्था की ओर से संकीर्तन मंडल के सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इस संपूर्ण आयोजन का मुख्य उद्देश्य धार्मिक आस्था, आपसी सामाजिक एकता और सांस्कृतिक परंपराओं को प्रोत्साहित करना रहा।

जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा में 30 को लगेगा त्वरित समाधान शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से जिले में 7 अगस्त से प्रारंभ हुए मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 के तहत कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशन में आयोजित शिविरों के माध्यम से प्रशासन द्वारा शिकायतों का मौके पर ही निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। इसके लिये अधिकारी प्रत्येक शुक्रवार को मैदानी भ्रमण कर आमजन से सीधे संवाद स्थापित कर रहे हैं।

इसी क्रम में अभियान के तहत शुक्रवार 30 अक्टूबर को बड़वारा विधानसभा के अंतर्गत दशरमन क्लस्टर की 12 पंचायतों दशरमन, गोपालपुर, मुरवारी, खाम्हा, अन्तर्वेद, परसेल, सनकुई, देवरीबिछिया, लालपुर, बरही, पिपरियाशुक्ल, घुघरा, घुघरी व ढीमरखेड़ा क्लस्टर की 12 पंचायतों ढीमरखेड़ा, बरेलीरामपुर, झिन्नापिपरिया, पिंडरई, बांध, सिमरिया, ठिर्री, खंदवारा, सगौना, पोडीखुर्द व पोडीकलां के लिए जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा में शिविर आयोजित होगा। जहां नागरिक अपनी समस्याएं दर्ज करा सकेंगे।

शत-प्रतिशत शिकायतों के निराकरण के निर्देश

कलेक्टर ने अभियान के अंतर्गत सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई एवं लोक सेवा गारंटी अधिनियम से संबंधित लंबित प्रकरणों शत प्रतिशत निराकरण के निर्देश दिये हैं। अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि अधिकतम मामलों का निराकरण पूर्व में ही सुनिश्चित किया जाए तथा शेष प्रकरणों का समाधान शिविर स्थल पर किया जाए। जिन मामलों का तत्काल निराकरण संभव नहीं होगा, उनमें समय-सीमा निर्धारित कर आवेदकों को अवगत कराया जाएगा।

लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त

कलेक्टर आशीष तिवारी ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देश दिए हैं कि अभियान के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित किया जाए।

बहोरीबंद में धूमधाम से मनाया गया आचार्यश्री विद्यासागर महाराज का अवतरण दिवस

श्रीजी का हुआ अभिषेक, शोभायात्रा से दिया गया सत्य एवं अहिंसा का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



दिगंबर जैन समाज के सबसे बड़े संत आचार्य विद्यासागर महाराज का 81 वां अवतरण दिवस सोमवार को धूमधाम से मनाया गया । बहोरीबंद विकासखण्ड क्षेत्र के सभी जैन मंदिरों में विविध धार्मिक आयोजन हुए।इस दौरान स्लीमनाबाद व तेवरी स्थित पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर व अतिशय तीर्थ क्षेत्र बहोरीबंद मैं सुबह श्रीजी के अभिषेक, शांति धारा, नित्य नियम पूजा-अर्चना की गई। इसके उपरांत मंगलाचरण कर धर्म सभा आयोजित की गई।

ग्राम पंचायत बाकल में आचार्य श्री विद्यासागर जी महामुनिराज के अवतरण दिवस शरद पूर्णिमा के अवसर पर सकल जैन समाज बाकल के तत्वाधान में प्रात श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में मुल नायक भगवान पारसनाथ जी का अभिषेक . शांतिधारा ,आचार्यश्री का संगीतमयी सामूहिक पूजन एवं आचार्य छत्तीसी विधान हुआ। दोपहर में आचार्य श्री की भव्य झांकी के साथ शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा से आचार्य श्री के जयघोष गुंजायमान हुए।शोभायात्रा का नगर भ्रमण कराया गया।वही साय 4 बजे युवा मंडल महिला मंडल सहित सकल जैन समाज की उपस्थिति मे संगीतमयी आरती व विभिन्न सांस्पकुतिक कार्यकम किये गये ।सकल जैन समाज युवा मंडल बालिका मंडल के तत्वाधान मे भक्ति भाव उत्साह, उल्लास के साथ समाधिस्थ आचार्य विद्यासागर जी महाराज, आचार्यश्री समय सागर जी महाराज एवं गणिनि आर्यिका माँ ज्ञानमति माताजी का अवतरण दिवस मनाया गया।इस दौरान आचार्य श्री के जीवन के जुड़े कुछ पहलुओ पर जैन समाज के द्वारा प्रकाश डाला गया।कहा किकठिन साधना का मार्ग पार करते हुए विद्याधर ने महज 22 वर्ष की उम्र में 30 जून 1968 को अजमेर में आचार्य ज्ञानसागर महाराज से मुनि दीक्षा ली। गुरुवर ने उन्हें विद्याधर से मुनि विद्यासागर बनाया। 22 नवंबर 1972 को अजमेर में ही गुरुवार ने आचार्य की उपाधि देकर उन्हें मुनि विद्यासागर से आचार्य विद्यासागर बना दिया। आचार्य पद की उपाधि मिलने के बाद आचार्य विद्यासागर ने देश भर में पदयात्रा की। चातुर्मास, गजरथ महोत्सव के माध्यम से अहिंसा व सद्भाव का संदेश दिया। समाज को नई दिशा दी।

स्टॉफ की व्यवस्था नहीं होने से शोपीस बनी प्रयोगशाला

सालों से बंद पड़ी प्रयोगशाला, मिट्टी परीक्षण के लिये किसान होते है परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा



खेतों की मिट्टी में पोषक तत्वों की कमी के परीक्षण के लिए ढीमरखेड़ा के रामपुर गांव में ब्लाक स्तर पर मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला बनवाई गई हैं,लेकिन अधिकारी-कर्मचारियों की पदस्थापना न किए जाने से प्रयोगशाला में बीते करीब 8 सालों से ताला लटक रहा हैं। हालात यह है कि प्रयोगशाला के बाहर बड़ी-बड़ी कटीली झांडियां उग आई हैं। बिल्डिंग में कई जगह दरारें आ गई हैं। यदि किसानों को मिट्टी परीक्षण कराना हो तो फिर नहीं हो पा रही। शहर लेकर जाने में समय, रुपयों आदि की बर्बादी होती है। मृदा परीक्षण खुल जाए तो आसपास के कई गांव के किसानों को लाभ मिलने लग जाएगा।विकासखंड स्तर पर मिट्टी परीक्षण न होने की वजह से किसानों को मिट्टी में कौन-कौन से पोषण तत्वों की कमी है, इसकी जानकारी नहीं मिल पा रही है।

किसानों का कहना है कि जब शासन के पास स्टाफ तैनात करने की व्यवस्था नहीं थी,तब प्रयोगशाला के निर्माण और आवश्यक उपकरणों पर लाखों रुपए की राशि क्यों खर्च की गई। जिला मुख्यालय स्थित प्रयोगशाला में भी पर्याप्त व्यवस्था न होने की वजह से समय पर मिट्टी परीक्षण नहीं हो पा रहा है।किसान गांव-गांव से मिट्टी के सैंपल जिला मुख्यालय लेकर पहुंच रहे हैं, लेकिन व्यवस्था कम होने की वजह से सैंपलों की जांच प्रभावित हो रही है। किसानों का कहना है कि ब्लॉक में बनी प्रयोगशाला चालू हो जाएं तो मिट्टी परीक्षण का काम शीघ्र होने लगेगा।

परीक्षण में मिट्टी के पीएच मान, विद्युत चालकता, ऑर्गेनिक कार्बन, नाइट्रोजन, फास्फोरस, गंधक, जिंक, बोरॉन, लोहा, मैग्नीज, तांबा आदि की जांच की जाती है। इसके इसके बाद रासायनिक खाद के प्रयोग का निर्धारण किया जाता है। इसके साथ ही समन्वित पोषक तत्व प्रबंधन के लिए कंपोस्ट खाद, केंचुए की खाद, हरी खाद, राईजेबियम आदि भी जरूरत के अनुसार प्रयोग करने की सलाह किसानों को दी जाती है।

करीब 8 सालों पहले लाखों रुपए की लागत से ढीमरखेड़ा विकासखंड के रामपुर गांव में प्रयोगशाला बनाई गई थीं।लेकिन यह प्रयोगशाला आज तक चालू ही नहीं हुई और ताले में बंद पड़ी हैं। इधर देखरेख न होने की वजह से सभी प्रयोगशाला जर्जर होने लगी हैं। दीवारों एवं दरवाजे के सामने बड़ी-बड़ी कटीली झांडियां उग आई हैं तो दीवारों में दरारें आ गई हैं। लेकिन इतनी बड़ी राशि खर्च होने के बावजूद भी जिम्मेदार इन प्रयोगशाला का रख-रखाव नहीं कर पा रहे हैं।

किसानों के अनुसार के अनउपचारित भूमि में पौधों के कमजोर होने से फसलों की वृद्धि समुचित नहीं होती है। साथ ही उत्पादन में कमी आती है। पौधों के कमजोर होने से रोग व्याधि, कीट आदि से ग्रसित होने की भी संभावना अधिक रहती है। जबकि मिट्टी परीक्षण के बाद उपचारित भूमि में जरूरत के अनुसार रासायनिक व जैविक खाद उपयोग किया जाता है। इससे अच्छा उत्पादन प्राप्त होता है। मिट्टी परीक्षण के बाद संबंधित किसान को कार्ड दिया जाता है। जिसमें मिट्टी में पाए जाने वाले पोषण तत्वों की जानकारी दी जाती है।

5 जुआरी गिरफ्तार, 2300 रूपये जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कोतवाली और उमरियापान पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर जुआ खेल रहे जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से नगदी और ताश के पत्ते ज़ब्त किये हैं। जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस को सूचना मिली थी कि निमिया मोहल्ला स्थित खाली प्लॉट में कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से जुआ खेले जाने की पुख्ता सूचना मिली थी। इस पर एक्शन लेते हुए पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर दबिश दी। पुलिस की इस कार्रवाई से जुआरियों में हड़कंप मच गया। पुलिस ने मौके से तीन आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ा, जिनकी पहचान गोलू निषाद पिता सुखलाल निषाद 26 वर्ष, रोहित सिंह पिता पुरुषोत्तम निषाद 40 वर्ष दोनो निवासी निमिया मोहल्ला, आकाश निषाद पिता सुरेश निषाद 30 वर्ष, निवासी खिरहनी फाटक शामिल हैं। तलाशी के दौरान आरोपियों की तलाशी लेने पर उनके पास से व्यक्तिगत तौर पर 1,100 रुपये तथा फड़ से 600 रुपये कुल जुमला 1,700 रुपये नगद एवं 52 ताश के पत्ते ज़ब्त किए गए

उमरियापान में कार्रवाई

इसी तरह उमरियापान पुलिस ने क्षेत्र में गश्त और चेकिंग के दौरान उमरियापान पुलिस को सूचना मिली कि कुछ लोग सार्वजनिक रूप से ताश के पत्तों पर पैसे लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना मिलते ही सउनि गया प्रसाद मंगोरे के नेतृत्व में पुलिस बल ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। पुलिस ने मौके से दो जुआरियों को गिरफ्तार किया जिनमें आसीफ अली उर्फ सोनू मंसूरी पिता शादीक मंसूरी 21 वर्ष, मो. इकबाल पिता नाबा उद्दीन 34 वर्ष शामिल हैं। पुलिस नेआरोपियों से 590 रुपये नगद बरामद किए हैं।

खबर संक्षेप



रेत का अवैध परिवहन करने पर ट्रैक्टर ट्राली जब्त

सिलौड़ी। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य व अनुविभागीय अधिकारी आकांक्षा चतुर्वेदी ,थाना प्रभारी महिमा रघुवंशी के मार्गदर्शन में सिलौंडी चौकी प्रभारी अनिल पांडे की पुलिस टीम के द्वारा अवैध रूप से रेत परिवहन करते हुये एक ट्रैक्टर को पकड़ा है। सोमवार को गश्त दौरान ग्राम टाला 01 में अवैध रेत से भरा हुआ टैक्टर ट्राली अवैध रूप परिवहन करते हुये मिलने पर वाहन को रोका। चौकी लाकर मामला कायम किया गया। कार्यवाही में चौकी प्रभारी अनिल पांडे, प्रधान आरक्षक अतुल शर्मा, रामसेवक विश्वकर्मा, धर्मवीर की मुख्य भूमिका रही।

हितग्राहियों को मिलेगा 90 प्रतिशत तक अनुदान का लाभ

कटनी। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत कटनी जिले के 199 चयनित ग्रामों में निवासरत अनुसूचित जनजाति वर्ग के पात्र हितग्राहियों को मत्स्य पालन गतिविधियों से जोड़कर स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने और उनकी आय बढ़ाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत 30 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को निर्धारित इकाई लागत का 90 प्रतिशत तक अनुदान दिए जाने का प्रावधान है। सहायक संचालक मत्स्योद्योग आशीष कुमार नायक ने बताया कि योजना के तहत मिनी आरएएस, बायोफ्लॉक, पॉण्ड बायोफ्लॉक, संवर्धन पोखर निर्माण, फिश सेलिंग कियोस्क तथा मछली विक्रय के लिए साइकिल, मोटरसाइकिल एवं आइस बॉक्स युक्त ऑटोरिक्शा सहित अन्य चयनित मत्स्य पालन गतिविधियों का लाभ दिया जाएगा। इससे जनजातीय समुदाय के पात्र हितग्राहियों को स्वरोजगार स्थापित करने और आजीविका के नए अवसर प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। योजना का लाभ लेने के इच्छुक पात्र हितग्राही आवश्यक दस्तावेजों सहित अपने आवेदन कार्यालय सहायक संचालक मत्स्योद्योग, जिला कटनी में कार्यालयीन समय के दौरान 30 अक्टूबर तक जमा कर सकते हैं।

जन सुरक्षा युवा सृजन संवाद अभियान 29 को

कटनी। युवाओं में कानूनी जागरूकता बढ़ाने और उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी में 29 अक्टूबर को जन सुरक्षा युवा सृजन संवाद अभियान के तहत एक दिवसीय कार्यशाला एवं थाना भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों को कानून, मौलिक अधिकारों और नागरिक सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी जाएंगी। इसके बाद विद्यार्थियों को थाना भ्रमण कराया जाएगा, जहां वे पुलिस की कार्यप्रणाली, कानून व्यवस्था बनाए रखने की प्रक्रिया और पुलिस की जिम्मेदारियों को करीब से समझ सकेंगे। अभियान का उद्देश्य युवाओं को कानून के प्रति जागरूक करना, उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों की समझ विकसित करना तथा उनमें जिम्मेदार नागरिक भावना को प्रोत्साहित करना है। इस माध्यम से विद्यार्थियों और पुलिस के बीच संवाद एवं विश्वास को मजबूत करने का प्रयास भी किया जाएगा।

सड़कों पर मवेशियों के डेरा से हादसे का डर

कटनी। ग्रामीण अंचलों में मुख्य मार्गों में निराश्रित मवेशियों का जमावड़ा लगा रहता है जिससे कि राहगीरों को दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है। सड़कों पर बैठे मवेशियों के कारण रात के समय में आये दिन दुर्घटनाएं होती हैं। मोटर साइकिलों में हेडलाइट धीमी रहती है और सड़क पर बैठे मवेशी कम उजाले में दिख नहीं पाते है, इस कारण मोटरसाइकिल सवार दुर्घटना का शिकार होते है। भारी वाहनों से मवेशी भी मर जाते हैं।

जगदीश धाम खिरहनी व लघु वृंदावन धाम बाँधा में मनाया गया शरद महोत्सव

बांधा में हुई महारास लीला, सजीव झाँकियों ने मोहा मन, 56 भोग किये गए अर्पित





हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

शरद पूर्णिमा महोत्सव मंगलवार को स्लीमनाबाद तहसील में आस्था व उल्लास के साथ मनाया गया। मंदिरों में सुबह से लेकर देर शाम तक धार्मिक आयोजन चलते रहे। स्लीमनाबाद स्थित सिंहवाहिनी रसिक बिहारी जू मंदिर में अमृतमयी आनंद रस बरसा। शरद महोत्सव के अवसर पर श्री राधाकृष्ण जी का जीवंत महारास अवतरित हुआ। वही जगदीश धाम खिरहनी मे मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया। भगवान का पुष्पों और फलों से श्रंगार किया गया।दोपहर को मंदिर मे महिलाओ के द्वारा भजन संकीर्तन किया गया तो शाम को भगवान को छप्पन भोग का प्रसाद लगाकर वितरण किया गया।साथ ही खीर का प्रसाद वितरण किया गया।

लघु वृंदावन धाम बांधा

श्री राधाकृष्ण मंदिर लघु वृंदावन धाम बांधा में रविवार की रात स्नानदान पूर्णिमा पर शरद महोत्सव मनाया गया। भगवान श्री राधाकृष्ण जी एवं गोप गोपीकाओं की सजीव झाकियों के अपूर्व महारास के दर्शन से उपस्थित जनसमूह भाव विभोर होकर मग्नावस्था में डूब गया । निशि मिश्रा, गौरी दुबे, अंजली अग्रवाल एवं आरती पटेल के कुशल संयोजन मे 50 बाल कलाकारों ने जैसे ही महारास की प्रस्तुति प्रदान की वैसे ही समूचे परिसर में ऐसा प्रतीत हुआ जैसे साक्षात श्री राधाकृष्ण अपनी गोपियों के साथ प्रत्यक्ष प्रकट होकर नृत्य कर रहे हैं। नन्हे-नन्हे बाल कलाकारों द्वारा नौ दुर्गा शक्ति स्वरूपा नृत्य के साथ स्थानीय बालिकाओं एवं देवियों के द्वारा भगवान के समक्ष गरबा नृत्य की भावपूर्ण सेवा दी गई। जिस कारण लघु वृंदावन धाम बांधा का वातावरण वृंदावन के निधि वन मे श्री राधा कृष्ण जी के महारास की भांति प्रतीत हुआ। सायं 7 बजे भगवान मुरलीमनोहर ,आदि शक्ति मां गायत्री ,भगवान भोलेनाथ, हनुमान जी एवम विघ्न विनाशक गणेश की भव्य नृत्य महाआरती हुई तथा खीर प्रसाद वितरित हुआ। इस दौरान मंदिर परिवार की ओर से नवनीत चतुर्वेदी, महेश पाठक, सीताराम मिश्रा, सत्येंद्र त्रिपाठी, मनोज पाठक, नितिन पाठक ,कृष्णकांत पांडे, रिंकू दुबे, हरि दुबे, मनीष मिश्रा आदि ने कलाकारों का सम्मान एवं प्रोत्साहन प्रदान किया।



लाइनमेन के साथ मारपीट के आरोप, थाना पहुंच की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कोतवाली थाना अंतर्गत नई बस्ती स्थित बजाज गली में बिजली बिल की वसूली और कनेक्शन काटने की कार्रवाई के दौरान लाइनमैन प्रीतम सिंह सैनी के साथ मारपीट और अभद्रता किए जाने का आरोप सामने आया है। लाइनमैन के मुताबिक, उपभोक्ता ने उनके साथ धक्का-मुक्की की और जान से मारने की धमकी दी। उन्होंने मामले में कोतवाली थाने में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है।

बकाया है हजारों का बिल

जानकारी के अनुसार, सोमवार दोपहर करीब 12:13 बजे लाइनमैन प्रीतम सिंह सैनी अपनी टीम के साथ बजाज गली में बिनय शर्मा के घर पहुंचे थे। संबंधित बिजली कनेक्शन बिमला सरावगी के नाम पर रजिस्टर्ड बताया गया है। इस कनेक्शन पर 18,314 रुपए का बिजली बिल बकाया था। लाइनमैन ने बिल जमा करने के लिए कहा। भुगतान नहीं होने पर कनेक्शन काटने के लिए सीढ़ी लगाई गई। शिकायत के मुताबिक, जैसे ही प्रीतम सिंह सीढ़ी पर चढ़े, बिनय शर्मा ने सीढ़ी गिराने की कोशिश की। टीम के अन्य सदस्यों ने सीढ़ी संभाली, जिससे लाइनमैन नीचे उतर सके।

कार्यवाही करने की मांग

लाइनमैन की शिकायत के अनुसार नीचे उतरने के बाद उनके साथ धक्का-मुक्की की गई और उन्हें गिरा दिया गया। आरोप है कि इस दौरान गाली-गलौज भी की गई और दोबारा दिखाई देने पर जान से मारने की धमकी दी गई। प्रीतम सिंह ने कोतवाली थाने में शिकायत देकर सरकारी काम में बाधा डालने, मारपीट और धमकी देने के आरोप में कार्रवाई की मांग की है।

कलेक्टर ने आयोजन को लेकर अधिकारियों को सौंपे कार्य दायित्व

कृषि उपज मंडी में कल आयोजित होगा बलराम कृषि महोत्सव कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कृषि उपज मंडी में बुधवार, 28 अक्टूबर को बलराम कृषि महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के सुव्यवस्थित एवं गरिमामय आयोजन के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों और शासकीय सेवकों को दायित्व सौंपे हैं। साथ ही सभी अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निर्वहन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

जारी आदेश के अनुसार जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर को संपूर्ण कार्यक्रम का नोडल अधिकारी तथा उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास श्रीमती प्रतिभा गौर को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है।

कार्यक्रम में किसानों एवं हितग्राहियों को गांवों से आयोजन स्थल तक सुरक्षित लाने और वापस पहुंचाने तथा उनके भोजन पैकेट की व्यवस्था का दायित्व अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री अनुराग मोदी एवं सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को सौंपा गया है। जबकि नगर निगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार कार्यक्रम स्थल पर पेयजल, टैंकर, चलित शौचालय और अग्निशमन की व्यवस्था करेंगी।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अतिथियों की सुरक्षा, पार्किंग और यातायात व्यवस्था की जिम्मेदारी संभालेंगे। संयुक्त कलेक्टर एवं एसडीएम कटनी जितेन्द्र कुमार पटेल मंच पर विशिष्ट अतिथियों के बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

तहसीलदार कटनी अजीत कुमार तिवारी को मंचीय कार्यों के साथ सर्किट हाउस एवं रेस्ट हाउस में अतिथियों के सत्कार और कमरों की व्यवस्था का दायित्व दिया गया है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी बसों की व्यवस्था और वाहनों की फिटनेस सुनिश्चित करेंगे।

सिविल सर्जन डॉ. यशवंत वर्मा एवं सीएमएचओ डॉ. राज सिंह ठाकुर कार्यक्रम एवं पार्किंग स्थल पर स्वास्थ्य शिविर, विशिष्ट अतिथियों के लिए चिकित्सा व्यवस्था और कार्यक्रम स्थल पर एंबुलेंस की व्यवस्था करेंगे। कृषि मंडी सचिव श्री मनीष मण्डलोई मंडी परिसर की साफ-सफाई, मंच पर उपस्थित विशिष्ट अतिथियों के लिए स्वल्पाहार, भोजन, शुद्ध पेयजल तथा फूल-माला और गुलदस्तों की व्यवस्था करेंगे। ऊर्जा विभाग के मुख्य कार्यपालन यंत्री निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करेंगे। कार्यक्रम का लाइव प्रसारण करने तथा आयोजन स्थल पर लीज लाइन एवं इंटरनेट की व्यवस्था के लिए जिला सूचना विज्ञान अधिकारी प्रफुल श्रीवास्तव, जिला प्रबंधक ई-गवर्नेंस सौरभ नामदेव और मंडल अभियंता बीएसएनएल डी.के. मठधारी को सौंपा गया है।

जिला लोकसेवा प्रबंधक विभाग के दिनेश विश्वकर्मा को कार्यक्रम के लिए स्थापित डीसीसी कंट्रोल रूम का प्रभारी बनाया गया है। वे परिवहन में लगी बसों के आगमन और प्रस्थान की रिपोर्ट भी संकलित करेंगे।

कलेक्टर की प्रेरणा से किसान के खेतों में उग रही खुशहाली



खेती की छोटी-सी जमीन पर बोया गया नवाचार का बीज आज जिले के ढीमरखेड़ा क्षेत्र के दियागढ़ गांव के किसान जगपति के लिए नई उम्मीद बन रहा है। कभी 25 डिसमिल खेत में चिया और अश्वगंधा की खेती का प्रयोग करने वाले जगपति अब परंपरागत खेती से आगे बढ़कर औषधीय एवं वैकल्पिक फसलों की राह पर चल पड़े हैं। उनकी इस नई पहल को कलेक्टर आशीष तिवारी के प्रोत्साहन से संबल मिला। पिछले वर्ष जब कलेक्टर श्री तिवारी जगपति के खेत पहुंचे, तब चिया और अश्वगंधा की फसल उनके नवाचार की गवाही दे रही थी। लागत और आमदनी की जानकारी लेते हुए कलेक्टर ने किसान के इस प्रयोग को करीब से जाना। जगपति ने बताया कि चिया की खेती में महज 2,200 रुपये खर्च हुए। उत्पादन के बाद 2 क्विंटल चिया 18 हजार रुपये प्रति क्विंटल की दर से संगमबीडी एफपीओ को बेची। अश्वगंधा से भी 34 किलो बीज और 50 किलो जड़ प्राप्त हुई। इस अनुभव ने जगपति का भरोसा बढ़ाया। अब 2 .5 एकड़ में चिया की खेती कर रहे जगपति इसे करीब पांच एकड़ तक विस्तार देने की तैयारी में हैं। एक एकड़ में किनोवा और 50 डिसमिल में इसबगोल लगाने की योजना भी है। अपनी दो एकड़ जमीन के साथ ठेके पर खेत लेकर वे खेती की नई संभावनाएं तलाश रहे हैं।

सड़क हादसों में दो की मौत, कई घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

अलग अलग थाना क्षेत्रों में हुये सड़क हादसों में कई लोगों की मौत हो गई है, जबकि कई अन्य घायल हुए हैं। पुलिस ने सभी मामलों में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत देवरा रोड डामर प्लांट के पास हुये सड़क हादसे में बनगवां निवासी 22 वर्षीय मनीष सिंह गोंड पिता लल्लू सिंह गोंड की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मर्ग दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

युवक व किशोर की मौत

वहीं बड़वारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों की जान चली गई। पहला हादसा ग्राम विलायतकला पेट्रोल पंप के पास हुआ जिसमें सिमराड़ी (चंदिया, जिला उमरिया) निवासी 19 वर्षीय दिलबहार कोल पिता जियालाल कोल गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग दर्ज किया है। सिमराड़ी (चंदिया) के ही रहने वाले 13 वर्षीय राम कोल पिता अजय कोल की सड़क दुर्घटना में गंभीर चोटों के कारण मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग दर्ज कर जांच कर रही है।

कुठला थाना क्षेत्र के ग्राम करहिया बड़ागांव रोड स्थित गेरू फैक्ट्री के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात मोटरसाइकिल ने विपरीत दिशा से आकर 16 वर्षीय शुभम माझी पिता दिनेश माझी (निवासी मतवारी) को जोरदार टक्कर मार दी। इस गंभीर हादसे में शुभम को गंभीर चोटें आईं और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कुठला थाना अंतर्गत ही लमतरा इंडस्ट्रियल एरिया में सुबह के वक्त अज्ञात वाहन की टक्कर से एक और सड़क दुर्घटना का मामला सामने आया है। प्रार्थी राहुल मिश्रा की सूचना पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

विजयराघवगढ़ थाना अंतर्गत गौरहा मेन रोड पर तेज रफ्तार और लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बल्कर (ट्रक) क्रमांक MP 19 HA 5545 के चालक ने एक्सीडेंट कर दिया। पडरिया निवासी अच्छेलाल कोल की शिकायत पर पुलिस ने संबंधित ट्रक चालक के खिलाफ मामला पंजीबद्ध किया है।

माधवनगर थाना क्षेत्र में खैबर लाइन पानी टंकी के पास रात के समय तेजगति और लापरवाही पूर्वक मोटरसाइकिल (क्रमांक MP 21 ZC 3074) चलाते हुए एक दुर्घटना को अंजाम दिया गया। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

असाटी समाज वैश्य विकास समिति ने किया आयोजन

चिकित्सालय में मरीजों एवं जरूरतमंदों को खिचड़ी एवं फलों का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



असाटी समाज वैश्य विकास समिति द्वारा शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर प्रतिवर्ष की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समिति के बंधुओं कटनी कल्याण केंद्र की टीम ने शासकीय चिकित्सालय, कटनी पहुंचकर मरीजों को खिचड़ी एवं फल वितरित किए। इस पुनीत कार्य के माध्यम से समाजजनों ने जरूरतमंदों के प्रति संवेदनशीलता प्रकट करते हुए सेवा, सहयोग और परोपकार का प्रेरणादायी संदेश दिया। मरीजों के बीच पहुंचकर खाद्य सामग्री एवं फल वितरण करना आयोजन का विशेष आकर्षण रहा। इसके पूर्व शहर के हृदय में स्थित भगवान परशुराम जी के मंदिर में श्री संकट मोचन मंडल कटनी द्वारा सद्भाव प्रार्थना, सुंदर कांड और भजनोत्सव के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर असाटी समाज के अत्यंत वरिष्ठ गौरी शंकर असाटी, अध्यक्ष अनीता शैलेंद्र कुमार असाटी, संरक्षक सरिता योगेंद्र कुमार असाटी, राष्ट्रीय प्रवक्ता गीता राजकुमार असाटी, राष्ट्रीय शिक्षा संयोजक राजेंद्र असाटी,महिला अध्यक्ष सुनीता राम गोपाल असाटी, उपाध्यक्ष संजय असाटी, विनय , राजा, मनोज उपस्थित रहे। सभी ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए आयोजन को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। असाटी वैश्य विकास समिति ने कटनी कल्याण केंद्र की टीम के राम, अभिलाष, अभिषेक,साकेत,निखिल दुबे ,हर्ष गुप्ता, देवेंद्र सिंह, एवं गुड्डू सहित अन्य साथियों का प्रति रविवार को जिला चिकित्सालय में खिचड़ी एवं अन्य आवश्यक आवश्यकताओं की पूर्ति में सहायता करने हेतु सम्मान किया गया।

उल्लेखनीय है कि कटनी कल्याण केंद्र की टीम इस बार 184 वें रविवार को जरूरतमंदों की सहायता हेतु अपनी सेवाएं दे रही थी। जो सभी के लिए एक प्रेरणा का विषय है। शरद पूर्णिमा के इस पावन पर्व पर आयोजित सेवा गतिविधि ने यह संदेश दिया कि त्योहारों की वास्तविक सार्थकता केवल उत्सव मनाने में ही नहीं, बल्कि जरूरतमंदों के साथ खुशियां बांटने और समाज के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करने में भी निहित है।

समन्वय बनाकर कार्यों में तेजी लाने के दिये निर्देश

स्वामित्व योजना के तहत कराये जा रहे कार्यों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



स्वामित्व योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं कार्यों में प्रगति लाने के उद्देश्य से विकासखंड कटनी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बिचुआ एवं भनपुरा में स्वामित्व योजना के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान जनपद पंचायत कटनी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रदीप सिंह एवं तहसीलदार अतुलेश सिंह ने मौके पर पहुंचकर योजना की प्रगति का जायजा लिया तथा संबंधित अमले को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कार्य संपादित कर रहे

लोक सेवकों को निर्देशित किया कि आगमी सप्ताह तक निर्धारित लक्ष्य के अनुसार 50 से 60% प्रगति ले जाने सुनिश्चित करें। प्रातः काल सर्वर की गति तीव्र होने से यथासंभव कार्य को सुबह करते हुए निर्धारित समय सीमा में कार्य की पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि जिला पंचायत सीईओ सुश्री हर सिमरनप्रीत कौर के निर्देशानुसार जिले में स्वामित्व योजना के कार्यों को गति देने और निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक स्तर पर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में ग्राम पंचायतों का अमला राजस्व विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर योजना से जुड़े कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण कराने में सहयोग कर रहा है।निरीक्षण के दौरान योजना के अंतर्गत संचालित गतिविधियों की स्थिति का अवलोकन किया गया। अधिकारियों ने संबंधित कर्मचारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने, लंबित कार्यों में तेजी लाने तथा योजना के क्रियान्वयन में आवश्यक सहयोग सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

स्वामित्व योजना ग्रामीण क्षेत्रों में आबादी भूमि के सर्वेक्षण एवं अभिलेखीकरण के माध्यम से पात्र ग्रामीणों को उनकी संपत्ति के अधिकार संबंधी दस्तावेज उपलब्ध कराने की महत्वपूर्ण पहल है। इससे ग्रामीणों को अपनी संपत्ति के स्वामित्व का प्रमाण प्राप्त करने में मदद मिलती है और भविष्य में संपत्ति संबंधी विवादों को कम करने की दिशा में भी सकारात्मक परिणाम सामने आ सकते हैं।जिला पंचायत सीईओ सुश्री हर सिमरनप्रीत कौर के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत एवं राजस्व विभाग के बीच बेहतर तालमेल स्थापित कर योजना के कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। योजना के कार्यों में गति लाने और प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने में सहायता मिलेगी।

अलग-अलग थाना क्षेत्रों में वाद विवाद एवं मारपीट की हुई घटनाएं, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कोतवाली थाना क्षेत्र के बाबाघाट गायत्री नगर निवासी मृदुल गर्ग 37 वर्ष के साथ आरोपी गुलाब जाफर ने उनके घर के सामने पुरानी बात को लेकर गालियां दीं। विरोध करने पर आरोपी ने मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

इसी तरह नई बस्ती निवासी दीपक निषाद 25 वर्ष के साथ अंशू निषाद नामक युवक ने बेवजह गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। फरियादी की शिकायत पर अपराध दर्ज कर जांच शुरू की है। बैलेटघाट निवासी शेख मजीत 46 वर्ष के साथ उनके घर के पास तीन लोगों ने एक राय होकर हमला कर दिया। आरोपी डिंगी पठान, शम्मी पठान और रफीक पठान (सभी निवासी बैलेटघाट) ने फरियादी कोगालियां देते हुए लात-घूंसों से पीटा और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध किया है।

ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम दशरमन में मारपीट और विवाद के दो अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं। पहला मामला नरेश लोधी 42 वर्ष ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि बस्ती दशरमन निवासी मजा काछी, भरा काछी, सत्यम काछी और शिवम काछी ने एक राय होकर उनके साथ गाली-गलौज की और मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध कायम किया। दूसरा मामला दशरमन लाल मंदिर के पास रहने वाले रमाकांत कुशवाहा 42 वर्ष के साथ छुट्टू पटेल 45 वर्ष, बंटू पटेल 38 वर्ष और राजेश पटेल 22 वर्ष ने एकजुट होकर गगालियां दीं और मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है।

इसी तरह. कैमोर थाना अंतर्गत ग्राम खलवारा में रमेश कोल 46 वर्ष के साथ सलीग्राम दुबे और लक्ष्मी कोल ने एक राय होकर मारपीट कर शारीरिक चोट पहुंचाई और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है। वहीं सलैया कौहारी निवासी मिथुन कोल 30 वर्ष ने अपनी शिकायत में बताया कि जब वह ग्राम बरापार पहुंचा तो स्थानीय निवासी विकास कोल ने उनसे अकारण गालियां देते हुए मारपीट की और धमकी दी। पुलिस ने रिपोर्ट पर अपराध दर्ज किया है।

लोगों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर किया स्वागत

राष्ट्र सेविका समिति के 90 वर्ष पूरे होने पर निकला राष्ट्र सेविकाओं का पथ संचलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा



कदमों में अनुशासन, चेहरे पर आत्मविश्वास और मन में राष्ट्रसेवा का संकल्प विजयादशमी पर हटा में नारीशक्ति का अनूठा संगम नजर आया। राष्ट्र सेविका समिति के 90 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित 'राष्ट्रोदय पथ संचलन' में सेविकाओं ने कदम से कदम मिलाकर एकजुटता और राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया। खास बात यह रही कि संचलन में 6 साल की बालिकाओं से लेकर 70 वर्ष की वरिष्ठ सेविकाओं तक ने भाग लिया। विभिन्न सामाजिक संगठनों व नगर के बन्धु-भगिनियों ने पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया। हटा में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सेविकाएं शामिल हुईं। भूतेश्वर मंदिर प्रांगण में विजयादशमी उत्सव और शस्त्र-शास्त्र पूजन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इसके बाद गणवेश में सेविकाओं का पथ संचलन रवाना हुआ। पूरे मार्ग में अनुशासन, संगठन की एकजुटता और सांस्कृतिक गौरव का माहौल नजर आया। 90 साल की यात्रा, नारीशक्ति के जागरण का संदेश कार्यक्रम में प्रांत कार्यालय प्रमुख मेघा ताम्रकार जी ने अपने उद्बोधन में राष्ट्र सेविका समिति की 90 वर्षों की यात्रा को नारीशक्ति के जागरण, संस्कार निर्माण और सामाजिक परिवर्तन की दिशा में महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रसेवा, सामाजिक जागरूकता और भारतीय संस्कृति के संरक्षण के लिए समिति निरंतर कार्य कर रही है। साधना, संस्कार और सकारात्मक प्रभाव के माध्यम से समाज में बदलाव लाना इसका प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि नारी की भूमिका केवल परिवार तक सीमित नहीं है। परिवार, कार्यक्षेत्र और समाज में अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए महिलाएं राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती हैं। सेवाभाव, निरंतरता और दायित्वबोध के माध्यम से महिलाओं की इस भूमिका को और सशक्त बनाया जा सकता है। रानी लक्ष्मीबाई, जीजाबाई और अहिल्याबाई के आदर्शों का उल्लेख करते हुए भारतीय नारी के साहस, त्याग, नेतृत्व और सांस्कृतिक मूल्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में नारी सम्मान, संस्कार और सामर्थ्य का विशेष स्थान है। महिलाओं की सक्रिय सहभागिता से समाज में सकारात्मक परिवर्तन संभव है।कार्यक्रम का शुभारंभ जिला कार्यवाहिका सविता उपाध्याय जी के प्रास्ताविक भाषण से हुआ। मुख्य अतिथि रौशनी अग्रवाल जी गुरुकृपा स्कूल की संचालिका ने आयोजन की सराहना करते हुए समिति के कार्यों और सेविकाओं के समर्पण की प्रशंसा की। मंचासीन अतिथियों ने शस्त्र-शास्त्र पूजन किया। पथ संचलन के दौरान शहर में जगह-जगह विभिन्न संगठनों ने सेविकाओं का पुष्प वर्षा कर अभिनंदन किया। नगर वासियों में भी उत्साह का वातावरण रहा। कार्यक्रम का समापन गायत्री मंदिर प्रांगण मे हुआ। 90 वर्ष की अखंड साधना, प्रभाव से परिवर्तन की ओर' के संकल्प के साथ आयोजित इस कार्यक्रम ने नारीशक्ति के सशक्तीकरण, अनुशासन, राष्ट्रभक्ति और सांस्कृतिक गौरव का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में नगर कार्यवाहिका वंदना शर्मा जी ने आभार व्यक्त किया।

लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण के निर्देश

दमोह। स्कूल शिक्षा विभाग जिला दमोह की लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों पर कार्यवाही के लिए संभागीय संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संभाग सागर के दल द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय दमोह में जिला शिक्षा अधिकारी दमोह, समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी जिला दमोह और समस्त संकुल प्राचार्य की समीक्षा की गई। बैठक में लेवल वन से लेवल 3 तक लंबित सभी सीएम हेल्पलाइन पर चर्चा की गई और प्रत्येक को इस माह की ग्रेडिंग में ए-ग्रेड प्राप्त करने हेतु तत्परता से संतुष्टिपूर्वक शिकायतों का निराकरण किया जावे अन्यथा की स्थिति में अनुशासनात्मक कार्यवाही के निर्देश दिए गए। मौके पर 25 सीएम हेल्पलाइन शिकायतों पर कारवाई भी की गई और उनमें से कुछ प्रकरण फोर्स क्लोज किए गए तथा अन्य प्रकरणों को अमान्य कर नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश जारी किए गए। कुछ अन्य सीएम हेल्पलाइन जो कार्यक्षेत्र से बाहर की थी उन्हें उच्च कार्यालय को स्थानांतरित की गई। शिविर में संयुक्त संचालक लोक शिक्षण सागर एसपी सिंह बिसेन, जिला शिक्षा अधिकारी दमोह सत्यम चौरसिया, संभागीय समन्वयक तथा संयुक्त संचालक कार्यालय का स्टाफ, जिला परियोजना समन्वयक मौजूद रहे।

तेजगढ़ में किसानों के मुद्दों पर कांग्रेस का प्रदर्शन, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन



आठ मांगों को लेकर धरना, बिजली-खाद संकट और समर्थन मूल्य का मुद्दा उठाया; मांगें नहीं मानने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ तेजगढ

जबेरा विधानसभा क्षेत्र में किसानों की समस्याओं और अन्य मांगों को लेकर सोमवार, 26 अक्टूबर को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में तेजगढ़ में धरना-प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के बाद आठ सूत्रीय मांगों का ज्ञापन राष्ट्रपति के नाम एसडीएम तेंदूखेड़ा के माध्यम से सौंपा गया। कांग्रेस नेताओं ने मांगें पूरी नहीं होने पर व्यापक आंदोलन की चेतावनी दी।ज्ञापन में जबेरा विधानसभा क्षेत्र में अघोषित बिजली कटौती बंद कर किसानों को प्रतिदिन 12 घंटे बिजली देने, गांवों में जले ट्रांसफार्मर तत्काल बदलने, तेंदूखेड़ा में मक्का खरीदी केंद्र खोलकर 3,000 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीदी करने तथा धान की खरीदी भी 3,000 रुपये प्रति क्विंटल की दर से करने की मांग की गई। इसके अलावा किसानों को प्रति एकड़ दो बोरी डीएपी और दो बोरी यूरिया उपलब्ध कराने, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने, वोट चोरी रोकने के लिए बैलेट पेपर से चुनाव कराने तथा खाद-बीज की कालाबाजारी पर रोक लगाने की मांग उठाई गई।

भाजपा सरकार पर साधा निशाना

पूर्व मंत्री एवं दमोह जिला प्रभारी हर्ष यादव ने कहा कि किसानों को समय पर खाद और बिजली नहीं मिल रही है। भाजपा के मंत्री-विधायक होने के बावजूद जबेरा-तेजगढ़ के किसानों को अपनी समस्याओं के लिए धरना देना पड़ रहा है, जो सरकार की नाकामी दर्शाता है।

पूर्व विधायक प्रताप सिंह ने गांव-गांव में जले ट्रांसफार्मर तत्काल बदलने की मांग उठाते हुए कहा कि मंत्री-विधायक के क्षेत्र में किसानों को ऐसी परेशानियों का सामना करना पड़ना निंदनीय है।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष मानक पटेल ने प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि किसान खाद के लिए कतारों में खड़े हैं, जबकि सरकार जनता की समस्याओं का समाधान करने में विफल रही है। राजीव गांधी पंचायती राज संगठन कांग्रेस कमेटी के सचिव हीरा सिंह ने भी किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया।

युवा नेता महिपाल सिंह (राजा भैया) ने कहा कि किसानों की परेशानी को देखते हुए कांग्रेस को आंदोलन के लिए विवश होना पड़ा है। यदि मांगों पर तत्काल कार्रवाई नहीं हुई तो आगामी दिनों में और व्यापक आंदोलन किया जाएगा।

धरना-प्रदर्शन में पूर्व मंत्री एवं जिला प्रभारी हर्ष यादव, जिला कांग्रेस अध्यक्ष मानक पटेल, पूर्व विधायक प्रताप सिंह, ठा. हीरा सिंह, नेता परम यादव, गोविंद तिवारी, घनश्याम सिंह, एडवोकेट नितिन मिश्रा, सुरेश बुंदेला, दीवान चंद्रभान सिंह, महिपाल सिंह (राजा भैया), जनपद अध्यक्ष तुलाराम यादव, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मोहन सिंह, नीलेश यादव, संतोष रजक, ओमप्रकाश शर्मा, चन्नू राय, दृगपाल सिंह, श्रीकांत पोर्ते, भगवत धनगर, रूपनारायण मिश्रा, सुल्तान सिंह, कृष्णा यादव, अमित जैन, राघवेंद्र घोषी, गिरधारी चौधरी, भागवत लोधी, लोकपाल सिंह, दीपक यादव, गौरव दुबे और राहुल चौकसे सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय किसान मौजूद रहे।

रातभर चला कॉम्बिंग गश्त अभियान, 55 वारंटी गिरफ्तार

20 स्थाई और 35 गिरफ्तारी वारंट तामील, 20 आबकारी व आर्म्स एक्ट के तहत चार प्रकरण दर्ज



दमोह। पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगि (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में 25 और 26 अक्टूबर की दरम्यानी रात जिलेभर में सघन कॉम्बिंग गश्त अभियान चलाया गया। सभी थाना क्षेत्रों में विशेष पुलिस टीमें गठित कर एक साथ कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान पुलिस ने 20 स्थाई वारंट और 35 गिरफ्तारी वारंट सहित कुल 55 वारंट तामील किए। पुलिस टीमों ने रातभर दबिश देकर फरार वारंटियों की धरपकड़ की। इसके साथ ही जिले के 44 गुंडा बदमाशों और 21 निगरानीशुदा बदमाशों के संभावित ठिकानों पर दबिश देकर उनकी चेकिंग की गई तथा उन्हें चेतावनी दी गई। अभियान के दौरान अवैध शराब के विक्रय एवं परिवहन के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत 20 प्रकरण दर्ज किए गए।

वहीं, थाना कोतवाली में आर्म्स एक्ट के तहत चार प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। इसके अलावा बीएनएसएस की धारा 126/135(3) के तहत चार व्यक्तियों तथा धारा 170 के तहत दो व्यक्तियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने, असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने और अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए इस तरह के अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

महाराजा अजमीढ़ देव का जन्मोत्सव उत्साह के साथ मनाया



तेंदूखेड़ा। नगर में सर्व स्वर्णकार समाज के आराध्य देव एवं समाज के आदि पुरुष महाराजा श्री अजमीढ़ देव जी का जन्मोत्सव बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया इस अवसर पर स्वर्णकार समाज के लोग एकत्रित हुए और महाराजा अजमीढ़ देव जी की पूजा-अर्चना कर उनके आदर्शों का स्मरण किया।कार्यक्रम का शुभारंभ कक्कू सोनी (विजोरा वाले) द्वारा महाराजा श्री अजमीढ़ देव जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया समाज के पदाधिकारियों एवं उपस्थित सदस्यों ने चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धापूर्वक पुष्पांजलि दी इसके बाद भक्तिमय वातावरण में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव के साथ सुंदरकांड का पाठ किया और समाज की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार मुन्ना लाल सोनी (जबेरा) ने महाराजा श्री अजमीढ़ देव जी के जीवन एवं समाज के प्रति उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि महाराजा अजमीढ़ देव जी को स्वर्णकार समाज का आराध्य एवं आदि पुरुष माना जाता है। समाज में उनके जन्मोत्सव को श्रद्धा और गौरव के साथ मनाने की परंपरा रही है। उनके जीवन से समाज को एकजुटता, परिश्रम, ईमानदारी और सामाजिक सद्भाव की प्रेरणा मिलती है वक्ताओं ने कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों से समाज में आपसी भाईचारा मजबूत होता है और नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं एवं महापुरुषों के बारे में जानकारी मिलती है। कार्यक्रम में काशीराम सोनी, बसंत सोनी, प्रहलाद सोनी, अशोक सोनी, डी.के. सोनी, हेमंत सोनी, गोविंद सोनी, राजेश सोनी, एच.एन. सोनी शिक्षक, विरन लाल सोनी शिक्षक, कल्लू सोनी, हरिनारायण सोनी, आनंद कुमार सर्राफ सहित समाज के सभी सदस्यों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की और महाराजा अजमीढ़ देव जी के बताए आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। सुंदरकांड पाठ के समापन के बाद आरती की गई और उपस्थित समाजजनों एवं श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया गया। पूरे कार्यक्रम के दौरान भक्तिमय वातावरण बना रहा और समाजजनों ने एक-दूसरे को जन्मोत्सव की शुभकामनाएं दीं।

खनिज परिवहन करने वाले वाहनों में RF टैग लगाने 28 अक्टूबर को लगेगा शिविर

दमोह। कलेक्टर प्रताप नारायण यादव के निर्देश पर खनिज परिवहन करने वाले वाहनों में शासन के निर्देशानुसार RF टैग लगाने के लिए 28 अक्टूबर 2026, बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित खनिज शाखा में शिविर आयोजित किया जाएगा। खनिज अधिकारी ने जिले के समस्त खनिज परिवहन करने वाले वाहन मालिकों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि को शिविर में उपस्थित होकर अपने वाहनों में RF टैग लगवाना सुनिश्चित करें। आरएफ टैग लगाए जाने से खनिज परिवहन करने वाले वाहनों की निगरानी एवं परिवहन व्यवस्था को अधिक सुगम, पारदर्शी और प्रभावी बनाने में सहायता मिलेगी। उन्होंने सभी संबंधित वाहन मालिकों से कहा है शासन के निर्देशों का पालन करते हुए निर्धारित तिथि पर शिविर में पहुंचकर आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कराएं।

महर्षि वाल्मीकि की जयंती मनाई

दमोह। जिले के बजरिया वार्ड क्रमांक 3 स्थित गजानन टेकरी पहाड़िया पर महर्षि वाल्मीकि स्वामी जी एवं राम दरबार के चित्रों पर माल्यार्पण कर, ध्वजारोहण एवं विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। इस पावन अवसर पर बजरिया वार्ड क्रमांक 3 दमोह के बाल्मिक समाज के पार्षद सहित वाल्मीकि समाज के वरिष्ठजन, युवा साथी, मित्रगण, मातृशक्ति एवं बच्चों की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी ने श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ पूजा-अर्चना कर महर्षि वाल्मीकि जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। हमारी एकता, हमारा भाईचारा और बच्चों में अच्छे संस्कार ही समाज की असली ताकत हैं।

कौशल्या बाई का निधन

हिण्डोरिया। थाना मुहल्ला वार्ड 11 हिण्डोरिया निवासी खेमचंद अहिरवार की धर्म पत्नि कौशल्या बाई का हृदयगति रूकने से सोमवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनकी अंतिम संस्कार शव यात्रा मे सभी वर्गो के लोगों ने भाग लेकर श्रृध्दांजलि अर्पित की। एवं शोकाकुल परिवार को ढाढस बंधाया।

पावरग्रिड में साइबर जागरूकता कार्यशाला आयोजित

दमोह। बढ़ते साइबर अपराधों की रोकथाम और डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, दमोह में साइबर जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया एवं जिला साइबर सेल की टीम ने अधिकारियों और कर्मचारियों को ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के उपाय बताए। एएसपी सुजीत सिंह भदौरिया ने कहा कि तकनीक के विस्तार के साथ साइबर अपराधियों के तरीके भी बदल रहे हैं। थोड़ी सी लापरवाही या गोपनीय जानकारी साझा करने से आर्थिक नुकसान हो सकता है। उन्होंने अनजान लिंक, संदिग्ध कॉल और लुभावने ऑफर से सतर्क रहने की अपील की।

साइबर सेल के प्रधान आरक्षक सौरभ टंडन, आरक्षक रोहित सिंह राजपूत एवं आरक्षक शुभम नामदेव ने ओटीपी और बैंकिंग फ्रॉड, फिशिंग लिंक, सोशल मीडिया सुरक्षा, डिजिटल अरेस्ट, ब्लैकमेलिंग तथा रिमोट एक्सेस ऐप के खतरों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ बैंकिंग पासवर्ड, पिन या ओटीपी साझा न करें। सोशल मीडिया खातों में टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन सक्रिय रखें तथा अनजान व्यक्ति के कहने पर स्क्रीन शेयरिंग ऐप इंस्टॉल न करें। साइबर विशेषज्ञों ने बताया कि ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी होने पर तत्काल कार्रवाई करना जरूरी है। पीड़ित राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इसके अलावा आधिकारिक वेबसाइट **cybercrime.gov.in** पर भी शिकायत की जा सकती है।

कार्यक्रम में पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन दमोह के विभागाध्यक्ष प्रेम प्रकाश सिंह ठाकुर सहित वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यशाला के अंत में पावर ग्रिड प्रबंधन ने पुलिस एवं साइबर सेल टीम का आभार व्यक्त किया।

नोएडा में हादसे का शिकार हुआ मजदूर, जिंदगी-मौत से जूझ रहा

25 हजार में एंबुलेंस कर परिजन लाए दमोह, हालत नाजुक देख डॉक्टरों ने किया जबलपुर रेफर, चार बेटियों के पिता के लिए मदद की गुहार



तेंदूखेड़ा। ज्यादा कमाने की चाहत एक गरीब मजदूर को जिंदगी और मौत के बीच ले आई। तेजगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम माडनखेड़ा निवासी 50 वर्षीय राजू पिता भुज्जी अहिरवार पिछले तीन महीने से परिवार के साथ नोएडा में मजदूरी कर रहा था। गांव में रोजगार न मिलने से वह परदेस कमाने गया था, ताकि चार बेटियों का भरण-पोषण और पढ़ाई करा सके। लेकिन तीन दिन पहले काम से लौटते वक्त एक तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दी हादसे के बाद कार चालक उसे नोएडा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराकर फरार हो गया। नोएडा के निजी अस्पताल का खर्च उठाने में असमर्थ परिजन किसी तरह 25 हजार रुपये में एंबुलेंस किराए पर लेकर रविवार देर रात घायल राजू को दमोह जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जिला अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात डॉ. ऐश्वर्य प्रताप सिंह ने बताया - रमरीज की हालत बेहद नाजुक है, वह वेंटिलेटर सपोर्ट पर है। सिर में गंभीर चोट है। जिला अस्पताल में न्यूरो सर्जन और जरूरी सुविधाएं नहीं होने से यहां इलाज संभव नहीं है। डॉक्टर ने परिजनों को मरीज को तत्काल सागर बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज या जबलपुर मेडिकल कॉलेज ले जाने की सलाह दी है। साथ ही पुलिस को घटना की सूचना दी गई है। घायल राजू चार बेटियों का पिता है। परिजनों का कहना है कि जितना उसने तीन महीने में कमाया नहीं, उससे ज्यादा तो नोएडा से दमोह तक एंबुलेंस का किराया देना पड़ गया परिजनों ने बताया गांव में काम नहीं मिलता जो मिलता है उसमें मजदूरी बहुत कम है। इसलिए राजू जैसे कई लोग मजबूरी में दिल्ली, नोएडा जैसे शहरों में काम करने जाते हैं। वह सोचकर गया था कि दीपावली पर बच्चों के लिए कुछ पैसे, कपड़े लेकर आएगा, लेकिन अब जिंदगी और मौत से लड़ रहा है।

कार चालक फरार, कार्रवाई की मांग

परिजनों ने बताया कि उन्हें हादसे की खबर अस्पताल से मिली। कार चालक का अभी तक कोई पता नहीं चल पाया है। परिवार ने नोएडा पुलिस से आरोपी कार चालक पर कार्रवाई और दमोह जिला प्रशासन से आर्थिक मदद की गुहार लगाई है, ताकि राजू का बेहतर इलाज हो सके और उसकी चार बेटियों का भरण-पोषण हो सके।

कुसमी बगलवारा में प्रकृति शक्ति भगवान बड़ादेव जी की स्थापना

महारानी दुर्गावती जन्मोत्सव के साथ गूंजे गोंडवाना के नारे



बनवार। गोंड समाज महासभा युवा प्रकोष्ठ जिला दमोह के तत्वावधान में ग्राम कुसमी बगलवारा में प्रकृति शक्ति भगवान बड़ादेव जी की स्थापना का कार्यक्रम पूरी भव्यता और पारंपरिक विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। इस आयोजन के दौरान क्षेत्र में गोंडवाना संस्कृति और परंपराओं का अनूठा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत में महान वीरांगना महारानी दुर्गावती मरावी जी के जन्मोत्सव पखवाड़े के उपलक्ष्य में उनके चित्र पर अतिथियों द्वारा माल्यार्पण कर नमन किया गया। इसके उपरांत गोंडी परंपरा के अनुसार भुमकाओं द्वारा भगवान बड़ादेव जी की स्थापना कराई गई। धार्मिक अनुष्ठान धर्माचार्य रघुवीर सिंह मरावी, पुनेमाचार्य ब्रजेश परस्ते, शीतल शाह धुर्वे और कड़ोरी शाह धुर्वे ने गोंडी रीति-रिवाजों और मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न कराए। आयोजन में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, समाज के प्रमुख पदाधिकारियों और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य साहिल सिंह, गोंड समाज महासभा के जिलाध्यक्ष अनरत सिंह ऐडाली, संरक्षक महेंद्र पन्द्राम, सचिव महेंद्र सिंह मरकाम, प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंवर सुनील शाह ऐडाली, पूर्व जिलाध्यक्ष के.एस. उरेती, सगरा पेट्रोल पंप संचालक भोपाल सिंह कुशराम, जिला पंचायत सदस्य एवं महिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रजनी ठाकुर, भाजपा अजजा मोर्चा जिलाध्यक्ष जयसिंह कड़ोपा, सीताराम सोयाम, विमलेश सिंह ठाकुर, बबलू सिंह, पूर्व सरपंच सत्येंद्र सिंह, जीएसयू जिला अध्यक्ष हर्षिता कड़ोपा, भज्जू सिंह ऐडाली, कैलाश सिंह और डीएसपी उमराव सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समारोह को सफल बनाने में ग्राम कमेटी के जमना सिंह धुर्वे, निरपत सिंह, दर्शन सिंह धुर्वे, हरिदास उरेती, नरेश सिंह कुलस्ते, राजेंद्र सिंह कुशराम, गोविंद सिंह धुर्वे और संतोष सिंह धुर्वे सहित समस्त सगा समाज की सक्रिय भूमिका रही। कार्यक्रम का संचालन दिनेश कुमार परस्ते ने किया, जबकि अंत में ग्राम कमेटी कुसमी बगलवारा की ओर से सभी का आभार व्यक्त किया गया।

सिद्ध बाबा मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब



हिंडोरिया। शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर राजीव गांधी वार्ड तीन में स्थित सिद्ध बाबा मंदिर परिसर क्षेत्र में भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मंदिर परिसर में सुबह से लेकर देर रात्रि तक श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगी रही । समिति के वरिष्ठ सदस्य मुकेश सेन ने बताया कि यहां पर यह कार्यक्रम लगभग 70 वर्षों हर साल किया जा जाता है और संपूर्ण रात्रि भर भक्तों द्वारा रतजगा कर संकीर्तन किया जाता हैं।।शरद पूर्णिमा की धवल चांदनी रात्रि के बीच रात्रि 10:00 बजे से लेकर देर रात्रि तक मंदिर समिति और भक्तों के द्वारा बड़े पैमाने पर मीठा दूध और फलों का महाप्रसाद वितरण किया गया। मान्यता है कि इस रात्रि में आसमान से अमृत वर्षा होती है, इसलिए इस खीर और इस दूध के महा प्रसाद को ग्रहण करने के लिए भक्तों की भीड़ लगी रही ।प्रसाद वितरण के साथ-साथ मंदिर परिसर में भव्य जागरण का आयोजन भी किया गया ।स्थानीय और आगंतुक भक्तों द्वारा रात भर सुरभ्य भजनों और कीर्तनों की प्रस्तुति दी गई ।ताली और ढोलक की थाप पर भक्त झूमते नजर आए जिससे पूरा क्षेत्र भक्ति में माहौल से सरा बोर हो गया ।सुरक्षा और व्यवस्था को बनाए रखने के लिए मंदिर समिति के स्वयंसेवक देर रात तक मुस्तैद रहे ।वहीं दूसरी ओर पुलिस दूर-दूर तक नजर नहीं आई। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बावजूद कार्यक्रम बेहद शांतिपूर्ण और अनुशासन ढंग से संपन्न हुआ। मंदिर में आएं भक्तों ने कहा कि शरद पूर्णिमा पर सिद्ध बाबा के दर्शन और दिव्या महाप्रसाद को पकड़ वे खुद को धन महसूस कर रहे हैं। उक्त अवसर पर पंडित रमेश कुमारतिवारी ,एडवोकेट संजय साहू , डॉक्टर गंगा राम पटेल,मुकेश मोदी, विजय तिवारी,अजुद्दी चौरसिया,उत्तम चौरसिया, मुकेश सेन, अशोक रैकवार,गंगा चौरसिया, बहादुर रैकवार,धर्मेंद्र विश्वकर्मा, चंपालाल विश्वकर्मा, सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

आचार्य श्री विद्यासागर जी एवं समय सागर जी महाराज के अवतरण दिवस पर दिन भर हुये विविध आयोजन

आचार्य श्री का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया





धर्म प्रभावना रैली में आकर्षक झांकियों ने मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बांदकपुर

परम पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज एवं वर्तमान आचार्य श्री समय सागर जी महाराज का अवतरण दिवस बांदकपुर में हर्षोल्लास और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सकल दिगंबर जैन समाज बांदकपुर द्वारा भव्य धर्म प्रभावना रैली एवं शोभायात्रा निकाली गई। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में सामूहिक अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजन के साथ हुआ। श्रद्धालुओं ने आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज एवं आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के चित्र के समक्ष अर्घ समर्पित कर धर्म लाभ लिया। संगीतमय पूजन और ढोल-नगाड़ों की गूंज से वातावरण भक्तिमय हो गया। इसमें बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। पूजन के पश्चात मंदिर से निकली धर्म प्रभावना शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः मंदिर पहुंची। शोभायात्रा में सजाई गई आकर्षक झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। इनमें सिद्धक्षेत्र कुंडलपुर में बड़े बाबा की पुरानी मंदिर से



नवीन मंदिर तक की यात्रा की मनोरम झांकी तथा आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परिवार की झांकी शामिल रही। समाज के नवयुवक एवं छोटे-छोटे बच्चे कर्नाटक की पारंपरिक वेशभूषा में सजकर शोभायात्रा में शामिल हुए। उनकी आकर्षक वेशभूषा ने लोगों का मन मोह लिया। आचार्य श्री के जयकारों से पूरा नगर गूंज उठा। आयोजन में सकल दिगंबर जैन समाज बांदकपुर के अध्यक्ष, मंत्री, महिला मंडल सहित बड़ी संख्या में समाजजनों की सहभागिता रही। पूरे आयोजन में श्रद्धा, भक्ति और धर्म प्रभावना का वातावरण बना रहा।

श्री पार्श्वनाथ मंदिर में 36 कलशों से चरणाभिषेक, आचार्य छत्तीसी विधान और अष्टधातु के गुरु चरणों की हुई मंगल स्थापना

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

परम पूज्य संत शिरोमणि, युगद्रष्टा आचार्य भगवन श्री 108 विद्यासागर जी महाराज एवं उनके परम प्रभावक उत्तराधिकारी आचार्य श्री 108 समयसागर जी महाराज के जन्मोत्सव पर श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर तेंदूखेड़ा में श्रद्धा, भक्ति और गुरु-वंदना का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस अवसर पर विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की।

कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुदेव के पावन चरणों के 36 कलशों से चरणाभिषेक के साथ हुआ। इसके पश्चात भव्य आचार्य छत्तीसी विधान सामूहिक रूप से संपन्न किया गया। विधान के दौरान श्रद्धालुओं ने आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के तप, त्याग, संयम, साधना और समाज के प्रति उनके अमूल्य योगदान का स्मरण करते हुए गुरु चरणों में श्रद्धा अर्पित की। आयोजन का विशेष आकर्षण मंदिर परिसर में नवनिर्मित भव्य चरण-छतरी में अष्टधातु से निर्मित गुरु चरणों की मंगल स्थापना रही। सौभाग्यवती माताओं-बहनों एवं पुण्यशाली श्रावकों ने विधि-विधान और भक्तिभाव के साथ गुरु चरणों को विराजमान कराया। इस दौरान मंदिर परिसर जयकारों से गूंज उठा और वातावरण भक्तिमय हो गया।

गुरु जयघोष से गूंजा मंदिर परिसर

मंगल आरती के दौरान श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से गुरु वंदना की। 'आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की जय' और 'आचार्य श्री समयसागर जी महाराज की जय' के जयघोष से पूरा मंदिर परिसर गुंजायमान हो उठा।

श्रद्धालुओं ने कहा कि चरण-छतरी केवल एक स्मारक नहीं, बल्कि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के तप, त्याग, संयम और वीतरागी जीवन से मिलने वाली प्रेरणा का पावन प्रतीक है। उनका जीवन आत्मकल्याण, सदाचार, सेवा और संयम के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। वहीं आचार्य श्री समयसागर जी महाराज की साधना एवं तपस्या भी श्रद्धालुओं के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम का समापन मंगल आरती और गुरु जयघोष के साथ हुआ। पूरे आयोजन के दौरान श्री पार्श्वनाथ मंदिर परिसर श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर रहा।

मिष्ठान वितरण कर मनाया आचार्यश्री का जन्मदिवस

दमोह। परम पूज्य आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज, आचार्य श्री समय सागर जी महाराज एवं परम पूज्य गणिनी आर्यिका श्री 105 ज्ञानमती माताजी के जन्मदिवस के अवसर पर वसुंधरा जैन समाज द्वारा मिष्ठान वितरण किया गया। कार्यक्रम में समाजजनों ने सहभागिता कर श्रद्धा एवं भक्ति के साथ जन्मदिवस मनाया। इस अवसर पर मंदिर कमेटी अध्यक्ष डीसी जैन, प्रकाश जैन, संदीप मंडला, अतुल गंगरा, विजय जैन दादाजी, बाहुबली जैन, नरेंद्र जैन, अमित जैन, जय कुमार जैन, शीतेश जैन, प्रशांत मेडिकल सहित दिगंबर जैन युवा महासंघ के मनीष आउटलुक, बंटू, नरेंद्र सबलू, संजय अरिहंत, जीतू जैन, भुट्टे बजाज, सौरभ एवं संजू बिट्स सहित अनेक समाजजन उपस्थित रहे। सभी के सहयोग और सहभागिता से कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।



धूमधाम से मनाई स्वर्णकार जयंती, शहर में निकाली भव्य शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

सर्व स्वर्णकार सोनी समाज के आदि पुरुष महाराजा अजमीढ़ देव जी का जन्म जयंती समारोह दमोह में धूमधाम से मनाया गया। एक दिन पहले एक घंटा घर पर दीप जलाकर कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ फिर सोमवार सुबह दमोह के बकौली चौराहे पर महाराज अजमीढ़ देव जी के पूजन के साथ एक भव्य शोभा यात्रा निकली शोभायात्रा वकौली चौराहा से होती हुई टॉकीज



तिराहा, पुराना थाना, महाकाली चौक होते हुए वापस घंटाघर से बकोली चौराहा पहुंची। समापन कार्यक्रम के पहले सर्वस्वर्णकार सोनी समाज ने महाराजा अजमीढ़ देव जी की महा आरती की। इसके बाद वहां पर मौजूद है मातृशक्ति की प्रतिनिधि के रूप में कवित्री मनोरमा रातले ने उपस्थित लोगों को संबोधित किया इसके बाद हटा से पधारे कन्हैयालाल सराफ ने उपस्थित लोगों को संबोधित किया।

इस दौरान युवा नेता सिद्धार्थ मलैया भी मौजूद रहे जिन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित किया इसी क्रम में पटेरा, पथरिया, हटा से पधारे लोगों ने उपस्थित लोगों को संबोधित किया। कार्यक्रम के अगले चरण में समाज की नन्ही बालिकाओं द्वारा नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गई वही कार्यक्रम मौजूद वरिष्ठ समाज के सदस्य कपिल सोनी, मनीष सोनी, पंकज जड़िया, अनुपम जड़िया, सुशील सोनी, बृज किशोर सोनी ने संबोधित किया। इस दौरान डॉ नवीन सोनी, डॉ गौरी शंकर सोनी, सहित समाज के वरिष्ठ जनों की मौजूदगी रही.। कार्यक्रम को सफल बनाने में अज्जू जड़िया, दीपेश सोनी, राजाराम सोनी, रीतेश सोनी, राजेश सोनी, मोहनीश सोनी, राजेंद्र सोनी, श्याम बिहारी चिड़िया, प्रेम सोनी, विष्णु जड़िया, श्रीकांत सोनी, श्यामू जड़िया, रामू जड़िया, कृष्णा सोनी, नेहाल सोनी राजेश सोनी, कैलाश सोनी, शुभम सोनी, ध्रुव सोनी मातृशक्ति की बड़ी संख्या में मौजूदगी रही। कार्यक्रम के अंत में युवा स्वर्णकार समाज अध्यक्ष वीरेंद्र सोनी ने सभी का आभार माना. कार्यक्रम का सफल संचालन मनीष सोनी ने किया।

महर्षि वाल्मीकि जयंती पर निकली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूखेड़ा

नगर में सोमवार को वाल्मीकि समाज द्वारा महर्षि वाल्मीकि की जयंती बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई इस अवसर पर समाज ने एकता, शिक्षा और वाल्मीकि जी के बताए मार्ग पर चलने का संदेश दिया सुबह से ही वार्ड क्रमांक 9, अड्डा मार्केट स्थित श्री महर्षि वाल्मीकि मंदिर में समाजजनों का जुटना शुरू हो गया था। यहां समाज के वरिष्ठजनों और युवाओं ने भगवान महर्षि वाल्मीकि की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की, आरती की और समाज की सुख-समृद्धि की कामना की।

मुख्य मार्गों से निकली शोभायात्रा, जयकारों से गूंजा नगर



पूजन के बाद दोपहर करीब 4 बजे मंदिर प्रांगण से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। आगे-आगे डीजे और ढोल-नगाड़े, पीछे महर्षि वाल्मीकि और उनके शिष्य लव-कुश की आकर्षक झांकी सजी हुई थी, जो नगरवासियों के आकर्षण का केंद्र बनी रही शोभायात्रा मंदिर से शुरू होकर भटरिया मार्ग, मुख्य बस स्टैंड, विद्यानगर, तारादेही चौराहा, राममंदिर मार्ग, थाना मार्ग होते हुए नगर के मुख्य मार्गों से निकली। इस दौरान ₹बोलो महर्षि वाल्मीकि भगवान की जय₹ के जयकारों से पूरा नगर गूंज उठा। शोभायात्रा का नगर में जगह-जगह व्यापारियों और नगरवासियों ने पुष्पवर्षा कर, माला पहनाकर और प्रसादी वितरित कर भव्य स्वागत किया। महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में नाचते-गाते चल रही थीं, वहीं युवा और बच्चे डीजे की धुन पर जमकर थिरकते नजर आए।

महर्षि के बताए मार्ग पर चलने का लिया संकल्प

कार्यक्रम में समाज के वक्ताओं ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने हमें रामायण जैसा पवित्र ग्रंथ देकर समाज को सत्य, धर्म और सदाचार का मार्ग दिखाया। उन्होंने समाज के उत्थान और पिछड़ों को आगे लाने के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। वे हम सभी के प्रेरणास्रोत हैं। हमें आज के दिन यह संकल्प लेना होगा कि हम उनके बताए मार्ग पर चलेंगे, बच्चों को शिक्षित करेंगे और समाज में एकता बनाए रखेंगे। इस अवसर पर वाल्मीकि समाज के अध्यक्ष सहित समाज के सभी वरिष्ठ, युवा, महिलाएं और बच्चे बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

सियार ने युवक को काटा, मची अफरा-तफरी



तेंदूखेड़ा। सोमवार को ब्लॉक की ग्राम पंचायत बगदरी के आश्रित ग्राम राजा गुबरा में शरद पूर्णिमा के अवसर पर देवी जी का चल समारोह श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाला जा रहा था। इसी दौरान अचानक जंगल की ओर से आए एक सियार के भीड़ में घुस आने से अफरा-तफरी की स्थिति बन गई सियार ने एक युवक पर हमला कर उसके दाएं पैर में काट लिया और इसके बाद जंगल की ओर भाग गया। घटना में घायल युवक की पहचान मुकेश गोंड पिता परमलाल, उम्र 33 वर्ष, निवासी ग्राम राजा गुबरा के रूप में हुई है बताया गया कि चल समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल थे। इसी दौरान जंगल की ओर से आया सियार अचानक भीड़ के बीच पहुंच गया और मुकेश गोंड के दाएं पैर में काटकर वहां से भाग निकला घटना के बाद मौजूद लोगों में कुछ देर के लिए हड़कंप मच गया। परिजन तत्काल घायल युवक को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेंदूखेड़ा लेकर पहुंचे यहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार करने के साथ ही युवक को रेबीज वैक्सीन एवं टीटी का इंजेक्शन लगाया चिकित्सकों के अनुसार युवक की हालत फिलहाल खतरे से बाहर बताई गई है घटना के बाद ग्रामीणों में सियार को लेकर चिंता बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि इसके पूर्व भी क्षेत्र में सियार के काटने और हमले की घटनाएं सामने आती रहती हैं। वन विभाग को इस ओर ध्यान देना चाहिए।

बांदकपुर से लौट रहे श्रद्धालुओं का ऑटो जेसीबी से टकराया, 3 गंभीर



हरिभूमि न्यूज ⏭ बनवार

प्रसिद्ध तीर्थ क्षेत्र जागेश्वर धाम बांदकपुर से भगवान शिव के दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं के ऑटो की सोमवार दोपहर रंजरा गांव के समीप एक तेज रफ्तार जेसीबी से भिड़ंत हो गई। इस दर्दनाक हादसे में ऑटो में सवार तीन श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आरोपी जेसीबी चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया।

बांदकपुर से लौटते समय अचानक मुड़ी जेसीबी

नोहटा थाना क्षेत्र के हलगज मुंडारी गांव निवासी घायल किशोर सिंह ने बताया कि वह अपने परिवार के सदस्यों के साथ सोमवार को बांदकपुर स्थित जागेश्वर धाम में दर्शन-पूजन के लिए गए थे। दोपहर में दर्शन कर जब वे ऑटो से वापस लौट रहे थे, तभी रंजरा गांव के पास सामने से आ रही एक तेज रफ्तार जेसीबी के चालक ने अचानक दूसरी तरफ वाहन मोड़ दिया। लापरवाहीपूर्वक मोड़ की वजह से ऑटो सीधे जेसीबी से जा टकराया और अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया।

राजस्थान से किराए पर बुलाई गई थी जेसीबी

सूत्रों व स्थानीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, दुर्घटनाकारित जेसीबी मशीन को राजस्थान से यहां किराए पर कार्य करने के लिए बुलवाया गया था, जो रंजरा गांव में ही रखी हुई थी। बताया जा रहा है कि इस जेसीबी के सभी जरूरी कागजात (पेपर) और बीमा वगैरह भी खत्म हो चुके हैं। बिना वैध कागजात और इंश्योरेंस के गांव में खड़ी और बेधड़क दौड़ रही इस जेसीबी की लापरवाही से यह बड़ा हादसा घटित हुआ। हादसे के समय ऑटो में कुल पांच लोग सवार थे। अचानक हुए इस हादसे से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना में तीन श्रद्धालुओं— किशोर सिंह, वैजयंती और सुमन को गंभीर चोटें आई हैं। टक्कर की जोरदार आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण और राहगीर तुरंत मौके पर एकत्र हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को पलटे हुए ऑटो से बाहर निकाला गया और तत्परता दिखाते हुए निजी वाहन के जरिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जिला अस्पताल में डॉक्टरों द्वारा घायलों का प्राथमिक उपचार शुरू कर दिया गया है। घटना की सूचना नोहटा थाना पुलिस को दे दी गई है। पुलिस ने फरार जेसीबी चालक की तलाश की जा रही है।

विधायक के प्रयासों से अस्पतालों में 13 डॉक्टरों की हुई नियुक्ति

हटा। विधानसभा क्षेत्र में लोगों को समय पर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु विधायक उमादेवी खटीक के अथक प्रयासों से मुख्यमंत्री मोहन यादव एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ला के निर्देश पर विधानसभा क्षेत्र में 13 डॉक्टरों की नियुक्ति आदेश जारी किए गए जो स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। नियुक्त किए गए एमबीबीएस डॉक्टरों में सिविल अस्पताल हटा में पांच डॉक्टर पटेरा अस्पताल में दो हिंडोरिया अस्पताल में तीन डॉक्टर कुमारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में दो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मडियादो में एक डॉक्टर की पद स्थापना हेतु आदेश जारी किए गए। इस संबंध में विधायक उमा देवी खटीक ने बताया कि मेरे द्वारा किए गए निरंतर प्रयासों के फलस्वरूप हटा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में 13 चिकित्सकों की पदस्थापना की गई है। इससे क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं के बेहतर संचालन, चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता तथा आमजन को समय पर उपचार उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी। जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता के साथ हमारा निरंतर प्रयास है कि हटा विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक नागरिक को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ प्राप्त हों। उन्होंने हटा क्षेत्र में इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी एवं माननीय उपमुख्यमंत्री तथा लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेन्द्र शुक्ल जी का आभार व्यक्त किया।

समय पर नहीं हुई गिरदावरी, सैकड़ों किसान धान पंजीयन से वंचित

तेंदूखेड़ा। नगर सहित क्षेत्र के कई ग्रामों में राजस्व विभाग द्वारा समय पर गिरदावरी नहीं किए जाने से सैकड़ों किसान धान पंजीयन से वंचित हो गए हैं। पंजीयन की समय-सीमा समाप्त होने के बाद अब किसान अपनी धान शासकीय खरीदी केंद्र पर नहीं बेच पाएंगे, जिससे उन्हें व्यापारियों को औने-पौने दाम पर फसल बेचने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। बताया गया कि रबी और खरीफ की फसल के पूर्व राजस्व विभाग द्वारा खेतों में बोई गई फसल की गिरदावरी की जाती है। इसी गिरदावरी रिपोर्ट के आधार पर किसानों का शासकीय समर्थन मूल्य पर धान विक्रय के लिए पंजीयन किया जाता है। किसानों के अनुसार विभाग ने इस वर्ष समय पर गिरदावरी नहीं की जब गिरदावरी की गई तो पटवारी हड़ताल पर चले गए इसी अफरा-तफरी में धान पंजीयन की अंतिम तिथि निकल गई पीड़ित किसान विनय तिवारी, मुकुंदी साहू, दिनेश साहू, राज बाह्यरी साहू ने बताया कि गलती हमारी नहीं, राजस्व अमले की है, लेकिन खामियाजा हमें भुगतना पड़ रहा है अब हमें अपनी मेहनत की फसल व्यापारियों की मनमानी कीमत पर बेचनी पड़ेगी, जिससे भारी आर्थिक नुकसान होगा किसानों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि वंचित किसानों के हित को देखते हुए धान पंजीयन की तिथि बढ़ाई जाए, ताकि उन्हें भी शासकीय खरीदी केंद्र पर समर्थन मूल्य का लाभ मिल सके।

सिंचाई के पानी को तरस रहे पथरिया के किसान

दो साल से बिछी पाइपलाइन में नहीं पहुंचा पानी, अधूरे निर्माण से किसानों में आक्रोश

पथरिया/दमोह। जिले के पथरिया ब्लॉक में साजली परियोजना किसानों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। ग्राम केवलारी और सासा में निर्मित इस परियोजना का लाभ स्थानीय किसानों को नहीं मिल पा रहा है, जबकि पड़ोसी जिले सागर के रहली और गढ़ाकोटा क्षेत्र को इसका लाभ मिलने की बात सामने आ रही है। दमोह जिले की जमीन पर बांध बनने के बावजूद पथरिया क्षेत्र के किसान सिंचाई के पानी के लिए इंतजार कर रहे हैं। पथरिया ब्लॉक के ग्राम लखरोनी सहित कई गांवों में नहर की पाइपलाइन बिछाए करीब दो वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन अब तक पानी की आपूर्ति शुरू नहीं हो सकी है। अधूरे निर्माण कार्य के चलते किसान परियोजना का लाभ मिलने की उम्मीद लगाए बैठे हैं। सिंचाई सुविधा नहीं मिलने से उनकी परेशानी बढ़ती जा रही है। क्षेत्र के किसानों का आरोप है कि चुनाव के बाद स्थानीय विधायक और अन्य जनप्रतिनिधियों ने समस्या के समाधान के लिए गंभीर पहल नहीं की। लंबे समय से सिंचाई के पानी की प्रतीक्षा कर रहे किसानों में नाराजगी बढ़ रही है। किसानों का कहना है कि जब परियोजना का बांध जिले में बना है, तो यहां के किसानों को भी इसका लाभ मिलना चाहिए।

किसानों ने जिला कलेक्टर और संबंधित अधिकारियों से मांग की है कि साजली परियोजना की अधूरी पाइपलाइन का निर्माण जल्द पूरा कराया जाए तथा पथरिया ब्लॉक के प्रभावित गांवों में पानी की आपूर्ति शुरू की जाए। इससे किसानों को सिंचाई सुविधा मिल सकेगी और परियोजना का उद्देश्य भी पूरा होगा। अब देखना यह है कि प्रशासन किसानों की इस समस्या को कितनी गंभीरता से लेता है और उन्हें सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने की दिशा में कब तक ठोस कदम उठाए जाते हैं।

5 नवंबर को खानकाह नूरी-फरीदी में महफिले शमा का आयोजन

हिण्डोरिया। खानकाह नूरी- फरीदी मे आगामी 05 नवंबर 2026 दिन बृहस्पतिवार को बाद नमाज ईशां पीरो-मुर्शिद हाजी जनाब कमालुददीन खान साहब सल्लामहु ताआला (हाजी.कमाल मियाँ) की जेरे सरपरस्ती में शानदार अदबी महफिले शमा का आयोजन किया जा रहा है। महफिले शमा मे मशहूर वा मारुफ कव्वाल जनाब मुकर्रम वारसी एण्ड पार्टी व्दारा जुमे रात की रात मे शानदार एवं यादगार दीनी-मजहबी कलाम पेश किये जायेंगे। आयोजक अहले तरीक़त हिण्डोरिया वालों ने देश भर के तमाम मुरीदेन एवं अकीदतमंद हजरात से बड़ी संख्या में शिरकत की गुजारिश की है।